# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
## ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)
www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक /2345/ परीक्षा–गोपनीय / 2021 बिलासपुर दिनांक 10 / 02 / 2021

## –::अधिसूचना::–

सत्र 2020–21 में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर की समस्त मुख्य परीक्षा–2021 हेतु निम्नानुसार आनलाईन **नामांकन–एवं–परीक्षा** आवेदन (Enrollment & Exam Form) भराया जाना है:–

- *विश्वविद्यालय के परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित हो रहे स्नातक प्रथम नियमित एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों, जिनका नामांकन फार्म पूर्व से भराया जा चुका है एवं परीक्षा फार्म भराया जाना है साथ ही नामांकन से वंचित छात्र–छात्राओं को पुनः नामांकन करने का अवसर दिया जा रहा है जो कि नामांकन पश्चात् परीक्षा फार्म भर सकेंगे।*

- *विश्वविद्यालय के परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित हो रहे स्नातक प्रथम स्वाध्यायी पाठ्यक्रमों हेतु परीक्षा–सह–नामांकन फार्म पूर्व में भराया गया है, इस प्रक्रिया से वंचित छात्र–छात्राओं को भी पुनः नामांकन–सह–परीक्षा फार्म भरने का अवसर दिया जा रहा है। पूर्व से नामांकित भूतपूर्व / पूरक छात्र / छात्राओं को केवल परीक्षा फार्म भरना है।*

- *स्नातक स्तर भाग–दो / तीन नियमित / स्वाध्यायी / भूतपूर्व / पूरक छात्र–छात्राएं तथा स्नातकोत्तर पूर्व / अंतिम स्वाध्यायी (वार्षिक परीक्षा) के छात्र–छात्राएं जो पूर्व से नामांकित है, उनका केवल परीक्षा फार्म भराया जायेगा, तथा विश्वविद्यालय की परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राएं नामांकन एवं परीक्षा फार्म दोनों भरेंगे।*

| क्र. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | आनलाईन **नामांकन / परीक्षा** आवेदन निर्धारित शुल्क (बिना विलंब शुल्क) के साथ प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि | **12 / 02 / 2021 से 24 / 02 / 2021 तक** |
| 02 | छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन **नामांकन / परीक्षा** आवेदनों की हार्डकॉपी, आनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य / आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | **12 / 02 / 2021 से 25 / 02 / 2021 तक** |
| 03 | महाविद्यालयों हेतु निर्देश<br>छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन **नामांकन / परीक्षा** आवेदनों की सूची (Enrollment return/roll list 2020-21) पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में नामांकन / परीक्षा आवेदनों की आनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य / आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति विधिवत अग्रेषित करते हुये विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि | **03 / 03 / 2021 से 06 / 03 / 2021 तक** |

- *उपरोक्त कक्षाओं के नियमित छात्र–छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन की तिथि–*
  *आंतरिक मूल्यांकन की तिथि — 01 से 08 मार्च–2021*
  *महाविद्यालय द्वारा पोर्टल में आंतरिक अंकों की प्रविष्टि — 01 से 12 मार्च–2021*
- *उक्त कक्षाओं के छात्र–छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षाओं की संभावित तिथि दिनांक 15.03.2021 से 10.04.2021*
  *महाविद्यालय द्वारा पोर्टल में प्रायोगिक अंकों की प्रविष्टि की संभावित तिथि 15.03.2021 से 25.04.2021*
- *मुख्य परीक्षा प्रारंभ होने की संभावित तिथि माह अप्रैल–2021 (तृतीय सप्ताह) से।*

Scanned with CamScanner

उपरोक्त परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय अधिसूचना क्रमांक 1768 / परीक्षा / 2018 बिलासपुर दिनांक 31.05.2017 द्वारा निर्धारित परीक्षा एवं अन्य शुल्क देय होगा। उपरोक्त तिथि के बाद भी यदि किसी महाविद्यालय में आनलाईन परीक्षा / नामांकन आवेदन करने से कोई परीक्षार्थी वंचित होता है और बाद में किसी परीक्षार्थी का परीक्षा आवेदन भरने हेतु महाविद्यालय द्वारा आवेदन अग्रेषित किया जाता है तो उस स्थिति में प्रति छात्र रू. 500 / – की दर से पेनाल्टी राशि अपने कोष से महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में जमा करना होगा। परीक्षार्थी द्वारा आनलाईन भरे गये परीक्षा / नामांकन आवेदन की हार्डकॉपी अनिवार्य / आवश्यक दस्तावेजों के साथ विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में जमा करने की निर्धारित तिथि तक जमा नहीं करने पर प्रति दिवस रू. 1000 की दर से पेनाल्टी राशि महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में जमा करना होगा।

टीपः–

(i) **महाविद्यालय प्रथमतः सभी कक्षाओं का इन्टैक कैपेसीटी (विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता के वक्त प्रदत्त सीट संख्या एवं महाविद्यालय द्वारा इस सत्र में मांगी गई स्वाध्यायी छात्रों हेतु अतिरिक्त सीट संख्या और विश्वविद्यालय से स्वीकृत अतिरिक्त सीट संख्या के बराबर) अलग–अलग पोर्टल में आवेदन प्रारंभ तिथि से पूर्व दिनांक 11.02.2021 तक अनिवार्यतः दर्ज करें तभी छात्र–छात्राएं आवेदन कर सकेंगे।**

(ii) **सत्र 2019–20 की पूरक / विशेष परीक्षाओं के परीक्षार्थी परीक्षा परिणाम की घोषणा के पश्चात् ही अगली कक्षा के लिए परीक्षा आवेदन कर सकेंगे।**

(iii) दिव्यांग छात्रों को परीक्षा शुल्क में छूट की पात्रता होगी किंतु नामांकन शुल्क का भुगतान करना अनिवार्य होगा, इस हेतु पोर्टल में दिये गये दिव्यांग (Handicapped) आप्शन पर हां(Yes) क्लिक कर दिव्यांग संबंधित दस्तावेज अपलोड करें तत्पश्चात् विश्वविद्यालय से दिव्यांगता की आनलाईन पुष्टि / सत्यापन पश्चात् शुल्क शुन्य (0) दर्शित होगा, जिसकी सूचना रजिस्टर्ड मोबाईल में प्राप्त होगी। नामांकन शुल्क (Other fees) के माध्यम से भुगतान कर आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण किया जा सकेगा।

(iv) अंतराल (GAP) वाले छात्र–छात्राएं पोर्टल (Registration Exam GAP) से प्राप्त यूजर आई.डी. / पासवर्ड से वांछित जानकारी भरकर महाविद्यालय से सत्यापित (Verified) कराने के पश्चात् ही आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे।

(v) किसी भी प्रकार की समस्या / कठिनाई होने पर प्रथमतः अपने महाविद्यालय के प्राचार्य / शिक्षकों से संपर्क करें। महाविद्यालय स्तर पर समस्या / कठिनाई का निराकरण नहीं होने पर विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग से निम्न नम्बरो पर संकायप्रभारियों से व्हाट्सअप पर संपर्क कर समस्या का समाधान कराया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| *BUDHRAM PATEL* | *B.Sc. I,II,III & M.Sc. (Annual)* | *9827124740* |
| *KANHAIYA LAL ROHIDAS* | *BA Part II & III (Regular/Private)* | *9630392860* |
| *GOPAL PRASAD NETAM* | *BA Part I (Regular/Private)* | *8982825962* |
| *SUKHNATH YADAV* | *B.Com, M.Com, BBA, PGDBM, PGDIB (Annual)* | *7879020166* |
| *SUSHMA PARCHE* | *ALL. M.A. (ANNUAL)* | *9826579093* |

*नोटः* *महाविद्यालय के प्राचार्यो को इस आशय के साथ सूचनार्थ कि महाविद्यालय के विभिन्न संकायों / विषयों में विश्वविद्यालय द्वारा जितने छात्रों के लिये संबद्धता / अतिरिक्त सीट वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की गई है उतनी ही संख्या स्वाध्यायी छात्रों के लिये इनटेक के रूप में दर्ज की जाये। भूतपूर्व / पूरक प्राप्त छात्र सीधे परीक्षा आवेदन कर सकते हैं इनके लिये पृथक से इनटेक कैपेसिटी नहीं डाला जाना है।*

आदेशानुसार

Morley 10/2/21

परीक्षा नियंत्रक

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय

बिलासपुर।

Scanned with CamScanner

पृ. क्रमांक / 2346 / परीक्षा–गोपनीय / 2021 बिलासपुर दिनांक 10/02/2021

01. माननीय कुलपति महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
02. कुलसचिव महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
03. माननीय कुलपति महोदय / कुलसचिव, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
04. वित्ताधिकारी / सहायक कुलसचिव (वित्त / अकादमी / भंडार) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
05. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र / छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आनलाईन नामांकन–परीक्षा फार्म भरने हेतु सूचित करें।
06. अनुभाग अधिकारी / कक्ष प्रभारी (परीक्षा / अकादमी / भंडार) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
07. संपादक / संवाददाता, दैनिक .............................. समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कृष्ट करें।

10/02/2021

परीक्षा प्रभारी

Scanned with CamScanner